तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 23.5 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 7 अक्टूबर 2024



11 सुरपा में छत्तीसगढ़ी खेलकूद का आयोजन





12 डामरीकरण कार्य का विधायक-महापौर ने किया भूमिपूजन






## रिसाली निगम : अमृत जल मिशन योजना में ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही

# 20 हजार नल कनेक्शन की आईडी नहीं, सालाना 4.80 करोड़ नुकसान

### ठेका कंपनी काम समेट कर जा चुकी, कम टैक्स आने से हुआ मामले का खुलासा

देवीलाल साहू ▸▸| भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र में अमृत जल मिशन योजना में बड़ी लापरवाही सामने आई है। ठेका कंपनी ने लोगों के घरों में नल कनेक्शन कर दिए लेकिन मकान मालिकों की आईडी ही नहीं बनाई। ये लोग वर्तमान में पानी भी ले रहे हैं। कंपनी अपना काम खत्म कर चली गई है। निगम को जब जल कर की वसूली काफी कम मिली तो इसका खुलासा हुआ। 20 हजार लोगों की आईडी कंपनी ने नहीं बनाई है। इससे निगम को सालाना 4.80 करोड़ रुपए सालाना जल कर का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

हरिभूमि सरोकार



**अब निगम का अपना प्लानः** जल कर व टैक्स वसूली की दयनीय स्थिति को देखते हुए रिसाली निगम ने अपना प्लान लागू करने जा रही है। इस प्लान के मुताबिक लोगों के घरों में जाकर बकाया टैक्स वसूली करवाई जाएगी। टैक्स वसूली का डाटा ठेका कंपनी के बजाय निगम के पास उपलब्ध होगा। इसके लिए निगम एक एप लांच कर रही है। जिसमें सभी वार्डों की वसूली का डेटा अपलोड होकर अपग्रेड भी होता रहेगा।

### 38 हजार में से केवल 18 हजार की आईडी

रिसाली निगम में 40 वार्ड हैं। इन वार्डों में पाश कालोनी और श्रमिक बस्ती क्षेत्र शामिल हैं। अमृत जल मिशन योजना के तहत सभी वार्डों में करोड़ों रुपए खर्च कर जल प्रदाय करने पाइप लाइन बिछाई गई। नेवई और रूआबांधा में इस योजना के तहत बड़ी पानी टंकी का निर्माण हुआ। इन टंकियों से जल प्रदाय लोगों को होता है। सूत्रों के मुताबिक रिसाली निगम में 23 हजार मकानों में अमृत जल मिशन योजना का नल कनेक्शन दिया गया है। जिसमें से केवल 18 हजार की आईडी ही बनाई गई है।

### आईडी नहीं उनसे नहीं मिल रहा जल कर

अमृत जल मिशन योजना में जिन घरों को नल कनेक्शन दिया गया है उनका आधार लेकर आईडी जनरेट करना अनिवार्य किया गया था। आईडी ही एक ऐसा फ्रूफ है जिससे यह साबित होता है कि उस मकान में नल कनेक्शन लगाया गया। इसी आईडी के आधार पर ही निगम पानी सप्लाई का टैक्स वसूली करेगा। रिसाली निगम को 20 हजार लोगों की आईडी नहीं बनने से जल कर नहीं मिल पा रहा है।

### इस तरह हो रहा नुकसान

रिसाली निगम के लिए टैक्स ही राजस्व प्राप्ति का मूल आधार है। सालाना 2400 रुपए टैक्स प्रति मकान मालिक निर्धारित है। 20 हजार लोगों की आईडी नहीं बनी है। इस हिसाब से सालाना 4.80 करोड़ रुपए टैक्स का नुकसान रिसाली निगम को हो रहा है।

### श्रमिक बस्तियों में सबसे ज्यादा 12 हजार की आईडी नहीं

रिसाली निगम में पाश कालोनी और श्रमिक बस्तियां हैं। सबसे ज्यादा 12 हजार लोगों की आईडी नहीं बनी है जो श्रमिक बस्तियों के रहने वाले हैं। इनमें रूआबांधा बस्ती, स्टेशन मरोदा, बीआरपी कॉलोनी, टंकी मरोदा, एचएससीएल कालोनी, नेवई, नेवई भाठा, डुंडेरा, पुरैना, जोरातराई, शंकरपारा, विजय चौक आदि आते हैं। पाश कॉलोनी में रिसाली सेक्टर डीपीएस, इस्पात नगर, मैत्री नगर, मैत्री कुंज, आशीष नगर , मरोदा सेक्टर, अवधपुरी, आजाद मार्केट आदि कालोनी हैं। इन पाश कालोनियों में करीब 8 हजार लोगों की आईडी नहीं बनाई गई है। इसलिए इतने लोग जल कर नहीं दे रहे हैं।

### केवल 35 फीसदी ही टैक्स वसूली

रिसाली निगम इस वित्तीय वर्ष 2024 में अब तक महज 35 फीसदी ही टैक्स वसूली कर पाई है। जिसमें सभी तरह के टैक्स शामिल है। सूत्रों के मुताबिक सालाना 13 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य है लेकिन महज 7 करोड़ रुपए की वसूल पाई है। वित्तीय वर्ष आधा बीत चुका है। रिसाली निगम ने टैक्स वसूली का ठेका स्पेयरों कंपनी को दिया है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने कंपनी की टैक्स वसूली की समीक्षा की और कम वसूली पर नाराजगी भी दिखाई है।

### जल कर नहीं देने पर नल कनेक्शन कटेंगे

जल कर नहीं देने वालों पर हम सख्ती बरतेंगे। घरों में जाकर उनकी आईडी बनवाएंगे। नलों से पानी लेने के बाद भी टैक्स नहीं जमा करने वालों का नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

-**मोनिका वर्मा,** आयुक्त रिसाली निगम

## खबर संक्षेप

### ड्यूटी जाने के दौरान बीएसपी कर्मी घायल



**भिलाई।** आज तड़के प्रथम पाली मे ड्यूटी आने की जल्दी में चरोदा निवासी रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल के कर्मी हेमंत महोबिया खूर्सिपार चौक के पास एक ट्रक की चपेट मे आने से घायल हो गये । ट्रक की ठोकर से उनकी कार पलट कर ट्रक के सामने आ गयी और पूरी तरह से पिचक गयी है। वे लोगों की मदद से अपनी क्षतिग्रस्त कार को लेकर ड्यूटी पंहुचे और बायोमेट्रिक मे हाजरी लगवाई । यूनियन के लोगों ने दुर्घटना को बीएसपी में लगे फेस रीडिंग बायोमेट्रिक का साइड इफेक्ट बताया।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि खातों में पहुंची

**गुरूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त जारी की। इसके तहत देश के किसानों के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ राशि हस्तांतरित की गई। योजना के तहत तहसील मुख्यालय गुरुर के किसानों का पीएम किसान सम्मान निधि योजना का कार्यक्रम जनपद सभागार में कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम में ब्लॉक के किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने किसानों को कार्यक्रम में बताया कि पीएम किसान योजना के तहत किसान परिवार को सालाना 6000 रूपये तीन किस्तों में 2000 करके दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक मदद कर खेती किसानी कार्य के लिए सहायक होती है। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री अजेंद्र साहू, कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर, ग्रामीण कृषि विस्तार टिकेंद्र पटेल, पूर्णिमा भार्गव, मुकेश साहू, राजेश पटेल किसान मोतीराम साहू, दीनूराम सहित अधिक संख्या में किसान शामिल हुए।

### बच्चों को नशा से दूर रहने दी समझाइश

**गुण्डरदेही।** प्राथमिक शाला देवरी में शनिवार को जिला संयोजक नशा एवं कुरीति उन्मूलन प्रभारी गायत्री परिवार द्वारा बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान बताते हुए किसी भी प्रकार की नशा नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही अच्छे इंसान बनने के लिए नैतिक शिक्षा के माध्यम से प्रेरित किया गया। बच्चों ने नशा से होने वाले नुकसान को गंभीरता से सुना और नशा नहीं करने एवं परिवार में हो रहे नशा को रोकने के लिए अपने पालक से निवेदन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच शिक्षक एवं शिक्षण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### थान सिंह बनाए गए बाजार विभाग प्रभारी



**दुर्ग।** प्रभारी राजस्व निरीक्षक और जनसंपर्क विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले थान सिंह यादव को दुर्ग निगम के बाजार विभाग का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उनकी नियुक्ति आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने की है। उन्होंने जनगणना विभाग के समस्त दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। थानसिंह अपने मूल कार्यों के अलावा बाजार विभाग का कार्य संभालेंगे। वहीं ईश्वर वर्मा को बाजार विभाग और चंदन मनहरे को जनगणना और निर्वाचन शाखा में पदस्थ किया गया है।







### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301


# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की डिमांड, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



अश्लील फोटो और वीडियों को वायरल करने की धमकी देकर रुपए का डिमांड करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 308 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि महावीर कालोनी दुर्ग निवासी रोशन जैन ने शिकायत किया है कि भतीजी के मोबाइल पर पांच लाख रुपए का डिमांड का मैसेज कर अश्लील फोटो और वीडियों वायरल करने की धमकी दिया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए आरोपी के मोबाइल नंबर का सीडीआर और कैफे प्राप्त किया गया। जिसमें सिम विक्रेता शुभम निर्मलकर एयरटेल रिटेलर का होने की जानकारी मिली। पतासाजी कर शुभम की जानकारी लगने पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर शुभम ने पुलिस को बताया कि बैजनाथ पारा दुर्ग निवासी सत्यम श्रीवास्तव को 45 फर्जी सिम देना स्वीकार किया।

महावीर कालोनी हर्ष जैन उर्फ हर्ष लोढा समेत इन तीनों युवकों को गिरफ्तार किया। पीड़िता को सामने लाने पर बयान दिया कि युवकों द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर गाली गलौज, अभद्र भाषा का प्रयोग करना बताया गया। उसके बाद युवकों ने सोना और पांच लाख का डिमांड करने लगे और वायरल करने की धमकी दी थी।

कार्रवाई

### काम में लापरवाहीः दो पुलिस कर्मी लाइन अटैच

**भिलाई।** विभागीय कार्यों में लापरवाही के बाद दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने भिलाई तीन थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रविन्द्र भारती और आरक्षक महेश बंछोर को लाइन अटैच किया है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि यह कार्रवाई सीएसपी हरिश पाटिल और थाना प्रभारी महेश ध्रुव की शिकायत पर की गई है। दोनों ही अफसर के द्वारा आरक्षक व प्रधान आरक्षक के कार्य स्थल पर विभागीय कार्यों को लेकर रुचि नहीं दिखाने, लगातार की जा रही लापरवाही के बाद कार्रवाई की गई। अफसरों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने शनिवार की शाम को आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद से दोनों को पुलिस लाइन भेजा गया है।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बलौदाबाजार निवासी धर्मेंद्र भारतद्वाज की बाइक को रामसागर पारा उरला भिलाई-3 निवासी मनोज कुमार कुर्रे ने बाइक को रोका पीड़ित के साथ मारपीट कर बाइक व मोबाइल लूटकर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है।

## शिविर लगाने के लिए प्लान तय

# लक्ष्य 100%, अब कलेक्टर, एसपी व कमिश्नर सहित आम जनता का बनेगा आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

आयुष्मान कार्ड अब हर व्यक्ति का बनेगा। इस योजना में 100 फीसदी लक्ष्य पूरा करना है। इसलिए अब कलेक्टर, एसपी, कमिश्नर से लेकर आम लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से वार्ड में बचे हुए नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। वार्ड में बचे हुए लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाकर उन्हें लाभान्वित करने के लिए भिलाई निगम प्लान बना लिया है।

### जोन आयुक्त को बनाया नोडल अधिकारी

निगम आयुक्त हितेश पिस्दा ने आयुष्मान कार्ड के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए ड्यूटी लगाई है। सभी जोन आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया है। उनका दायित्व है शिविर के लिए बैठक व्यवस्था बनवाना। प्रतिदिन शिविर की मॉनिटरिंग करना। स्वास्थ्य अधिकारी वार्डों शिविर से पहले मुनादी व प्रचार प्रसार करवाएंगे।

### हर दिन होगा पंजीयन

मिशन मैनेजर तालमेल के साथ कार्य करवाएंगे प्रत्येक दिन 5 बजे पंजीयन की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। शिविर में बनाए गए कार्ड की जानकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनुपस्थिति की जानकारी देंगे। शिविर अधिकारी प्रतिदिन आए हुए लोगों का नाम रजिस्टर में दर्ज करवाएंगे। शिविर कर्मचारी शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने आने वाले का नाम मोबाइल नंबर अलग से दर्ज करेंगे। सामुदायिक संगठन अपने संगठिकाओं को निर्देशित कर प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया है।

### विधायक व महापौर की अपील

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यह शासन की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इसके माध्यम से सामान्य परिवार के लोग प्रतिवर्ष 50 हजार तक एवं बीपीएल कार्ड धारी 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री में करवा सकते हैं। अभी केंद्र सरकार ने 70 साल के ऊपर के सभी वर्ग के लोगों के लिए 5 लाख तक का इलाज फ्री में करवाने की सुविधा दे दी। शहर के सभी बड़े महत्वपूर्ण अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। विधायक सेन ने बताया कलेक्टर, कमिश्नर, कर्मचारी, मजदूर, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, उद्योगपति, हम सभी लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। कब किसको क्या जरूरत पड़ जाए कोई नहीं जानता । इसलिए अपने व अपने परिवार के सुरक्षा लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति नियमानुसार अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है। इस बार नगर निगम भिलाई ने पूरे 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा है सबके सहयोग से ही संभव होगा।




# संस्कारवान पीढ़ी गढ़ने दुर्गा पंडाल में गर्भोत्सव संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मां अम्बे दुर्गोत्सव नवयुवक मंडल चिंगरी एवं गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड के तत्वावधान में नवरात्र के चतुर्थ दिवस में गर्भोत्सव संस्कार का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष भी यह आयोजन सम्पन्न हुआ था वहीं इस वर्ष आसपास के गांवों से भी गर्भवती महिलाएं यज्ञ में शामिल हुई। गायत्री परिवार के आचार्यों ने यज्ञ सम्पन्न कराया। गायत्री परिवार के सदस्य और दुर्गोत्सव समिति के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि आज के समय में जन्म पूर्व संस्कार महत्वपूर्ण है, बच्चा संस्कारवान बनता है। आज की युवा पीढ़ी नशे के गर्त में जा रही है, जिससे बचने की जरूरत है। इस संस्कार और यज्ञ का उद्देश्य है कि आने वाला बच्चा नकारात्मक सोच, कुपोषित एवं तनाव ग्रस्त न हो जबकि व्यवहार कुशल, संतुलित, सात्विक बने और युवा होकर हर क्षेत्र में सफल हो। संस्कार कार्यक्रम गर्भवती महिलाओ के लिए पूर्णतः निशुल्क आयोजित हुआ। इस अवसर पर मां अम्बे दुर्गोत्सव नवयुवक मण्डल के संरक्षक भुनेश्वर साहू, अध्यक्ष सालिक राम, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, खोमेंद्र, उपेंद्र देशमुख, साकेत पटेल, राहुल देशमुख, गुलाब, भूषण, शीतल, वीरेंद्र देशमुख आदि मौजूद थे।

यज्ञ पूर्व शक्तिपीठ के आचार्यों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि गर्भ में बच्चा सुनता है, खुश होता है। दुखी भी होता है, रोता है। इसके बारे में प्रोजेक्टर का इस्तेमाल किया गया। गर्भवती महिलाओं ने इसे गंभीरता से सुना। कुथेरल से 8 और अछोटी से 10 गर्भवती महिलाओं सहित ग्राम चिंगरी के 15 गर्भवती महिलाएं शामिल हुईं। 11 शिशुवती महिलाएं भी इस यज्ञ में भाग लेने पहुंची।

## जनहित संघर्ष समिति के सदस्य मिले सांसद विजय बघेल से


# कुम्हारी टोल हटाने सांसद से गुहार

### खस्ता हाल सड़कों की दुर्दशा भी बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

कुम्हारी टोल दुर्ग और रायपुर के बीच सफर करने वाले लोगों के लिए नासूर बन गया है। स्थानीय लोगों द्वारा लंबे समय से इस टोल को हटाने की मांग की जा रही है। रविवार को जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल इस मामले को लेकर सांसद विजय बघेल से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने कुम्हारी टोल नाका हटाने सांसद से गुहार लगाई। उन्होंने मांग की कि सांसद इस मामले में पहल करें। संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि कुम्हारी टोल नाका के कारण लोगों को कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसकी वजह से डीजल-पेट्रोल व्यर्थ फूंकना पड़ता है। नौकरी पेशा, जरुरत के समय हॉस्पिटल जाने वाले खासे परेशान हैं। इसे लेकर लोगों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। इसके बाद भी कोई असर नहीं है।



### टोल नाका की वसूली का पैसा कहां जा रहा

गुप्ता ने कहा कि टोल नाका से वसूली के पैसे का कहां उपयोग किया जा रहा है। भिलाई से लेकर रायपुर तक रोड की स्थिति बद से बदतर है। लोग हिचकोले खा रहे हैं। बेकसूर लोगों की इस जानलेवा सड़क से जान जा रही है। जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इसका डामरीकरण नहीं हो पा रहा है। अमानक ब्रेकर हादसों का सबब बने हुए हैं। सिरसा गेट के सामने स्पीड ब्रेकर और सिंग्नल से गुजरने में भी 15 मिनट समय लग रहा है। इस मार्ग से मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री खुद गुजरते हैं, उस समय जनमानस को रोककर रास्ता प्रदान किया जाता है। इससे लोगों को कितनी तकलीफ होती है, यह वे ही जानते हैं। सदस्यों ने बताया कि टोल से वसूली तो की जा रही है लेकिन सड़कों का मेटेंनेस नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण नेशनल हाइवे के इस क्षेत्र में सड़क में गड्ढे बन आए है। इसकी वजह से लोगों से आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। सदस्यों ने कहा कि टोल के नाम पर जो पैसा लिया जा रहा है, आखिर वह पैसा जा कहां रहा है इसकी जानकारी पब्लिक को देनी चाहिए।

### परिवहन मंत्री से भी नियमों का पालन कराने मांग

समिति ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी एनएचएआई गाइडलाइन और नियमों का पालन कराए जाने की मांग की है। शारदा गुप्ता ने कहा कि 60 किलोमीटर के अंतर्गत केवल एक टोल का नियम बनाया गया है, लेकिन राजनांदगांव से रायपुर के बीच तीन टोल हैं। सड़कों की हालत खराब है। बनाए गए चारों फ्लाई ओवर उद्घाटन के बाद से ही जर्जर हैं। फास्ट ट्रैक नियमों का भी पालन नहीं हो रहा। 2 मिनट से ज्यादा लाइन लगे होने पर टोल नहीं लिए जाने का नियम है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा। मांग करने वालों में मदन सेन, निशु पांडे, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, सुभाष साव, कन्हैया सोनी, पारस जंघेल, रवि शंकर सिंह, संतोष जायसवाल, गुरनाम सिंह, बंटी नाहर, हरिशंकर चतुर्वेदी, अजय प्रसाद, अखिलेश वर्मा, जेपी घनघोरकर, इंदरजीत सिगं आदि शामिल थे।

# दुर्गा पंडाल पहुंचे सांसद बघेल खुशहाली का मांगा आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शारदीय नवरात्रि महापर्व पर सांसद विजय बघेल भिलाई, दुर्ग, पाटन के विभिन्न स्थानों में विराजमान जगत जननी मां अंबे के दर्शन को पहुंचे। उन्होंने पूजन कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। सांसद कई जगहों पर गरबा महोत्सव में भी शामिल हुए।

पाटन के सिकोला में मिश्रा परिवार के कुलदेवता प्राचीन शीतलामाता के मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना की। नवयुवक सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति ग्रीन चौक दुर्ग में झांकी गुफाओं के दर्शन किए। सिद्धपीठ प्राचीन किल्ला मंदिर लोक न्यास तमेर पारा, पावर हाउस भिलाई, नवरात्रि गरबा महोत्सव कामाख्या इवेंट स्टील क्लब सेक्टर 8, छत्तीसगढ़ कुमी क्षत्रिय समाज रास गरबा सेक्टर 7 भी वे पहुंचे। इस अवसर पर जितेन्द्र मिश्रा, राम खिलावन, प्रमोद सिंह, नवीन पटेल द्वारिका, सुलारवे, राजेश्वर राव, ईश्वर वर्मा, कोमल प्रसाद, कुलेन्द्र मोरध्वज चंद्राकर, चंद्र कुमार वर्मा, संतोष पाटनकर, पुष्प राज देशमुख आदि उपस्थित थे।

### पदयात्रियों के बैग में लगााया जा रहा है रेडियम

**भिलाई।** डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए जाने वाले पैदल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा की विशेष ध्यान रखा जा रहा है। रात के समय पदयात्रियों के साथ कोई अनहोनी न हो इसके लिए उनके बैग में रेडियम की पट्टी भी लगाई जा रही है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि यातायात पुलिस ने डोंगरगढ़ दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इससे रात के समय वाहन चालकों को पदयात्री आसानी से दिखाई दे सकेंगे।

## नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।



## मां स्कंदमाता







### नवरात्रि का पाँचवाँ दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है।

मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद 'कुमार कार्तिकेय' नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कंद की माता होने के कारण माँ दुर्गाजी के इस स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। स्कंदमाता की चार भुजाएँ हैं। इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है। बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर उठी है उसमें भी कमल पुष्प ली हुई हैं। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है। नवरात्रि-पूजन के पाँचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित मन वाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाओं एवं चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है। वह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर अग्रसर हो रहा होता है।



## खबर संक्षेप

### सांसद के कार्यों से प्रभावित, लोग भाजपा में हो रहे शामिल

**धमधा।** सांसद विजय बघेल के कार्य से प्रभावित होकर धमधा क्षेत्र के ग्राम खिलोरा के अनेकों लोगो ने भाजपा में शामिल होकर नरेंद्र मोदी को देश का युग पुरुष बताते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में भारत देश तरक्की करते जा रहा है। डामन पटेल पंच, सविता पटेल, कस्तूरी बाई, सोनी बाई आदि शामिल हुए।

## निधन

### चन्द्रबली निर्मलकर



**भिलाई।** देवनगर वार्ड 10 शिवपुरी जामुल निवासी एसीसी सीमेन्ट कंपनी जामुल के पूर्व कर्मचारी चन्द्रबली निर्मलकर उम्र 70 वर्ष का आकस्मिक निधन 10 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शकुन बाई निर्मलकर के पति व राजकुमार, संजीव, बिष्णु निर्मलकर के पिता और फिरंता के बड़े भाई थे।

### मांडवी तिवारी



**दुर्ग।** एमआईजी 8 पदमनाभपुर निवासी मांडवी तिवारी पति स्व. रमाकांत तिवारी का निधन 6 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी के तट मुक्तिधाम में किया गया। वे अरुण कुमार, प्रदीप कुमार, सनत कुमार, नागेंद्र तिवारी की मां थीं।

### कुमारी बाई ताम्रकार



**दुर्ग।** बनियापारा निवासी कुमारी बाई पति स्व. मंगल प्रसाद ताम्रकार का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर की सुबह 11 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अजय, विजय, संजय की मां और बादल, विष्णु, अभिषेक की दादी थीं।

### स्वच्छता अभियान चलाकर विभिन्न जगहों पर की साफ-सफाई

# गंगा की गंदगी दूर करने स्वच्छ भारत की कल्पना गांधी ने की थी: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन नगर पंचायत में महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई। जयंती के अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने नगर पंचायत में स्थापित महात्मा गांधी के मूर्ति पर माला, गुलाल कर जय कारा का नारा लगाया और स्वच्छता अभियान चलाया और नगर को साफ़ सफाई व्यवस्था को ध्यानपूर्वक लगन से करने को कहा।

सभा को सम्बोधित करते हुवे सांसद विजय ने कहा मोहनदास करमचंद गांधी जब 1915 दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद अपने मित्र चार्ली एंड्रयूज के साथ शांति निकेतन में रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिलने के बाद 5 अप्रैल को कुंभ के अवसर पर महात्मा मुन्शीराम से मिलने हरिद्वार पहुंचे तो इस तीर्थनगरी और खासकर गंगा की गंदगी को देख कर उन्हें बड़ा कष्ट हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस स्वच्छ भारत की कल्पना आज कर रहे हैं वही कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के आन्दोलन के शुरुआती दौर में ही कर ली थी, इसलिए वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने 2 अक्टूबर 2014 को गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी।भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष होरीलाल देवांगन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी पूरे देश के प्रति गंदगी के खिलाफ एक आजादी का नीव रखे। आज इस मिशन को एक जन आन्दोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यह प्रयास तब तक अधूरा रहेगा जब तक गांधी की सोच के अनुसार मानसिक स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जाता। गांधी ने दोनों तरह की मलिनता से मुक्ति की परिकल्पना की थी।

इस अवसर पर नितेश तिवारी, जागेश्वर देशलहरे, सागर सोनी, केवल देवांगन, राज देवांगन, जेपी देवांगन, नितेश साहू, प्रेमप्रकाश कुर्रे, नीरज भाले, वागेश वाशाशकर, राधे यादव, निशा सोनी, सीता देवांगन, चंद्रिका साहू, दामोदर चक्रधारी, राजा पाठक, मेहत्तर वर्मा, लालेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

**गांधी और शास्त्री जयंती पर शामिल हुए सांसद बघेल**



### धमधा में मनाया गांधी जयंती

**धमधा।** धमधा में महात्मा गांधी पुस्तकालय धमधा में गांधी जयंती मनाया गया।इस अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर गुलाल लगाकर और अगरबत्ती जलाकर पूजा-अर्चना किया गया। मोहन साहू के द्वारा भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन किया गया। विष्णु प्रसाद ताम्रकार ने महात्मा गांधी से संबंधित साहित्य तथा चित्रों को अवलोकनार्थ प्रदर्शित किया। तकली चलाकर सूत बनाने की विधि को प्रदर्शित किया । साथ ही गांधी के जीवन वृत्त पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। पवन देवांगन,गजेंद्र ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद ताम्रकार, महेंद्र सोनकर राम जी देवांगन नरेंद्र बाबा, राधे ताम्रकार जी ने भी गांधी जी पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



### तन्नू चित्रकला प्रतियोगिता में रही प्रथम

**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में आयोजित किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर कक्षा अष्टम की छात्रा तन्नु साहू ने संभाग स्तर पर चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। संरक्षक रोशनी साहू एवं दिव्या चंद्राकर ने बताया कि तन्नू जब चित्र बनाती है उस समय वह एकाग्रचित हो जाती है और अपनी कल्पनाओं में लेखनी उकेरती है तो कला के मूल स्वरूप को प्रगट करने में कामयाब दिखती है जिसके फलस्वरूप विभाग स्तर पर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त हुआ। तन्नू ने देश भक्त शहीद आजादी के दीवाने भगत सिंह का चित्र हुबहू बनाया।



### सुरपा में छत्तीसगढ़ी खेलकूद का आयोजन

**जामगांव आर।** सुरपा में नवयुवक संगठन की 11 वर्ष पूर्ण होने एवं गांधी जयंती के अवसर पर नव युवा संगठन सुरपा के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें बाजार चौक, स्कूल परिसर, पंचायत स्थल सामने एवं व्यवसायिक परिसर का साफ-सफाई किया गया। ओदरागहन सरपंच जीनेश जैन के सहयोग से एक दिवसीय ओलंपिक में छत्तीसगढ़ी खेल कूद का आयोजन भी किया गया जिसमें कबड्डी, रस्साकशी, स्लो साइकिल रेस, मेहंदी, चित्रकला, कुर्सी दौड़ खेल शामिल किया गया और विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं नव युवा संगठन का नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र कुमार धरमगुड़ी, उपाध्यक्ष गिरधर यादव, सचिव ओंकार साहू, सह सचिव शैलेंद्र देवांगन, कोषाध्यक्ष गुरदयाल यादव, मीडिया प्रभारी झामन लाल निर्मलकर, संगठन की सलाहकार लोमश ठाकुर, समुंद साहू, सरोज साव, संरक्षक डेमन कौशिक, सोमेश सिन्हा, देवेंद्र यादव, नुमेश साहू, खिलावन सिन्हा चुने गए।



### विजयादशमी पर दुकालू का जस गायन कार्यक्रम

**सेलूद।** ग्राम धौराभांठा में विजयादशमी पर्व का आयोजन इस बार 12 अक्टूबर दिन शनिवार को किया गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरा का पर्व यादगार पल के रूप में धौराभांठा के इतिहास में दर्ज होगा। मुख्य आयोजक किसान नेता एवं पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग राकेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि राम लीला मंचन के बाद लगातार 2 घंटे तक भव्य आतिशबाजी की जाएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। आतिशबाजी समापन छत्तीसगढ़ की गायक जस सम्राट दुकालू यादव द्वारा रंगारंग मंचन होगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए युवाओं बुजुर्गों एवं महिलाओं को जिम्मेदारियां दी गई है।

## अंचल की खबरें

### बटरेल में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन



**जामगांव आर।** बटरेल में गांधी जयंती के अवसर पर रामधुनि प्रतियोगिता हुआ। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने किया। विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जनपद सदस्य द्वय झरना साहू, रवि सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, किसान नेता भगवान सिंह चंद्राकर, मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, संजय चंद्राकर, भानुप्रिया साहू मंचासीन रहे। सरपंच अभयराम ठाकुर, उप सरपंच खेमिन साहू ने अतिथियों का स्वागत किए। भूमिपूजन सीसी रोड 5.60 लाख, नाली निर्माण 1.95, दर्री तालाब में बोर खनन 1.95 लोकर्पण सीसी रोड 4.50 लाख, सीसी रोड सतनामी पारा, पचडी. निर्माण माता तालाब 2.10, पचड़ी निर्माण 1.13 जनपद निधि से बटरेल में हुआ।

### विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की दी जानकारी




**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा में नगर पुलिस विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें धमधा थाना निरीक्षक पीडी चंद्रा द्वारा साइबर अपराध से बचने एवं यातातात के नियमों से अवगत कराया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत एक युद्ध नशे के विरुद्ध जानकारी प्रदान कर नशे से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से समझाया गया। वही यातातात के नियमो सही दिशा में पालन हो के बारे बताया गया। साथ ही साइबर क्राइम से दूर रहने के उपाय बताते हुवे मोबाइल के अवगुणों के बारे में भी विस्तार से बताते हुए मोबाइल के अत्याधिक उपयोग से समाज में हो रहे दुष्परिणाम की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को नशे से दूर रहने थाना प्रभारी ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्कूल की संरक्षिका सुनीता जैन, चेयरमैन संकेत जैन एवं प्रिंसिपल डॉ. माया भट्टाचार्य ने अथितियों का स्वागत करते हुए सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया। उप पुलिस निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, दिनेश डहरिया, प्रशांत साहू, कुलदीप सिंह का सहयोग रहा।

### जिला स्तरीय अस्पताल में अशासकीय सदस्य बने लिकेश्वर



**निकुम।** जिला दुर्ग प्रभारी मंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रभार जिला में विभिन्न समितियों में सदस्यों का गठन किया। जिला स्तरीय अस्पताल, अशासकीय सदस्य लिकेश्वर देशमुख को बनाया गया। गौर हो कि भाजपा लगातार सक्रिय है, वही लिकेश्वर अध्यक्ष युवा मोर्चा अंजोरा मंडल में है।



# सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्यये त्रयम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते..!!


दुर्ग। सिंधी कालोनी चौक पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा।


दुर्ग। पोलसाय पारा लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास विराजित मां।


दुर्ग। कंडरा पारा तालाब के पास विराजित प्रतिमा।


दुर्ग। पोलसायपारा चौक पर स्थापित की गई मांग की प्रतिमा।


दुर्ग। सिटी माल के पास स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

## खबर संक्षेप



### महारानी दुर्गावती जन्मदिन मनाया गया

दुर्ग। गोंडवाना की महारानी दुर्गावती का जन्मदिवस पर केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधा गढ़ के गोंड़ समाज द्वारा सिविल लाइनमें स्थापित प्रतिमा का पूजा अर्चना कर माल्यापर्ण किया गया। इस अवसर पर सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, पीएएल नेताम, गोलू, लेखु राम, किशोरी, डॉ यशेश्वरी, दुर्गा, भीषम, नागेश, कौशल, अनिता, शांति, पप्पू, नाग व उमेश उपस्थित रहे। उक्त जानकारी एस आर ठाकुर ने दिया।

### चंद्रशेखर बने जिला जेल समिति के सदस्य

दुर्ग। उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के द्वारा ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर अधिवक्ता चंद्रशेखर बंजारे को जिला जेल निरीक्षण समिति के सदस्य मनोनीत किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष फत्ते वर्मा, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरी साहू, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैली शेंडे, उतई मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपनारायण शर्मा, खेमलाल चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष तीरथ यादव, अजीत चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू, उमाशंकर साहू आदि ने बधाई दी।

## परेशानी : ओवरलोड वाहन चलने से सड़क की होने लगी दुर्दशा

# नगपुरा से रसमड़ा की सड़कें जर्जर धूल से राहगीर हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगपुरा से रसमडा की सडके पूरी तरह से जर्जर हो गई है। औद्योगिक इलाका होने के कारण यहां से रोजाना भारी और ओव्हरलोड वाहने चलती है। जिसके चलते सडको की स्थिति दयनी हो गई है। ऐसे में दुपहिया वाहन चालकों को खतरे का सफर करना पड रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी इस सडक में डामरीकरण किए जाने के बजाय सिर्फ गिट्टी भरकर (पेंचवर्क) खानापूर्ति करने में लगे है। वह भी नाकाफी है।

शिवनाथ नदी नगपुरा चौक से रसमडा तक खराब सडक को लेकर आम लोगों द्वारा प्रशासन से मरम्मत की मांग की जा रही है। लेकिन सडक की स्थिति अनगिनत गड्ढों से भरी हुई है। यहां से धूल की वर्षा वाहन चालको को खतरे की चुनौती दे रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी इस सडक को लेकर लगातार टालमटोल करते आए है। विभाग के अधिकारी कभी इस सडक को उद्योग विभाग को हस्तांतरण की बात करते है तो कभी खुद ही मरम्मत करने की जिम्मेदारी लेकर भी लापरवाही बरत रहे है। विगत दिनों सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू और पीडब्ल्यूडी के ईई आशोक श्रीवास भिड गए थे। ईई द्वारा इस दौरान अपने शब्द वापस लेने की बात कहने पर मामला शांत हुआ था। पूर्व की बैठक में विभाग के एसडीओ ने तीन दिन में सडक मरम्मत करने की बात कही थी। लेकिन माहभर बाद भी मरम्मत नही होने से हाल की बैठक मे सदस्य लक्ष्मी साहू ने मामला उठाया था। जिस पर ईई ने कहा कि, लोन लेकर इस सडक का डामरीकरण किया जाएगा। इस सडक में खतरनाक गड्ढों से वाहन चालक अपना आपा खो रहे है। ऐसे में कभी भी बडी दुर्घटना हो सकती हैं।

### पीडब्ल्यूडी विभाग की पेच वर्क के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति



### महमरा नदी रोड में बरस रही धूल

गंजपारा चौक के आगे महमरा नदी रोड की सडक भी गड्ढों से भरी पडी है। गंजपारा से बोरसी चौक तक खतरनाक गड्ढों हो गए है। जबकि यह बोरसी व नयापारा सहित पटरीपार जाने का प्रमुख रास्ता है। इसी रास्ते को महमरा एनीकट जाने लोग उपयोग करते है। यहां की स्थिति भी दयनीय है। धूल के गुब्बारे से राहगीर परेशान होते है।

### शिवनाथ पुल और पुलगांव नाला जर्जर



इसके आलावा शिवनाथ नदी पुल और पुलगांव नाला की हालात भी बेहद खराब हैं। बारिश का बहाने बनाने वाले अफसर अभी तक सडक मरम्मत को लेकर गंभीर नही है। इन दोनो पुल से गुजरना बेहद चुनौती बन गई है। विगत दिनों सीमेंट व गिट्टी से मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गई, लेकिन सडक जस की तस बनी हुई हैं।

### वार्ड की सड़कों का भी बुराहाल



दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डो में भी सडको की हालात खराब है। अंदरूनी वार्ड की सडक खराब होने से लोगों की नाराजगी सामने आ रही है। जिसमे गंज चौक से शनिचरी बाजार मार्ग, पोटियाकला और बोरसी रोड और आनंद विहार तक मांग के बाद भी सडके नहीं बनी है। वही कचहरी वार्ड, गयानगर वार्ड सहित शहर के अन्य वार्ड शामिल है।

### निगम में टेंडर को लेकर खींचतान जारी

नगर निगम में हाल ही में करीब 8 करोड रुपए का टेंडर जारी किये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लेकिन पिछले सप्ताहभर से दो बार मंगाए गए टेंडर में अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। टेंडर के पहले ही गुडबाजी हावी होने के कारण अफसर ने भी टेंडर की तिथि आगे बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी है। अब देखना है कि नगर निगम द्वारा वार्ड के विकास कार्यों के लिए कब तक टेंडर पूरी कराई जाएगी।

# डामरीकरण कार्य का विधायक-महापौर ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल से जिला हॉस्पिटल परिसर में 15वे वित्त मद से बारह लाख तिरपन हजार रूपये लागत से सड़क को डामरीकरण करने भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन पश्चात डामरीकरण का कार्य तत्काल शुरू भी कराया गया। जिला हॉस्पिटल की सड़क काफ़ी खऱाब हो गईं है। जिला हॉस्पिटल परिसर में लोगो का आना जाना लगा रहता है। शहर और जिले क्षेत्र के नागरिकों को जिला हॉस्पिटल में ईलाज के लिए आने वाले मरीज के वाहन तथा एम्बुलेंस को आने में समस्या हो जाती थी। जिसे देखते हुए सड़क बनाने राशि स्वीकृति कराया गया और आज विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, वार्ड पार्षद बबिता गुड्डु यादव, पार्षद विजेंद्र भा र द्वा ज , कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता करण यादव, उपअभियंता हरिशंकर साहू सहित हॉस्पिटल स्टॉप एवं नागरिकों की उपस्थिति में वार्ड क.29 हास्पिटल ओ.पी.डी. बिल्डिंग से आपातकाल बिल्डिंग तक डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

■ 15 वें वित्त मद से किया जा रहा कार्य




# नोटिस की अनदेखी की तो कटेगा नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आयुक्त ने निगम की आर्थिक स्थिति सुधार करने 120 कर्मचारियों को मैदान में उतार दिया है। यह वसूली अभियान पूरा अक्टूबर माह तक चलेगा। अभियान क्रियान्वयन हेतु दुर्गेश गुप्ता राजस्व अधिकारी को नोडल बनाया गया है। अभियान में नया मोड़ की शुरुवात सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर द्वारा 7500 करदाताओं को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत नोटिस जारी करने से हुई। जिसके तहत 7 दिवस के भीतर टैक्स जमा करने नोटिस जारी हुआ है। अगर नोटिस के बाद भी टैक्स का भुगतान नही होता है तो, नगर निगम द्वारा 10 प्लम्बरों की टीम बनाने की योजना बनाई है जो नल कनेक्शन काटने का कार्य करेंगे। बता दें कि इतनी बड़ी मात्रा में नोटिस बांटने का कार्य निगम में पहली बार हो रहा है। अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए टैक्स भुगतान करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नही है।

■ सात दिनों में टैक्स जमा करने करदाताओं को नोटिस

# सुराना कॉलेज में गरबा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला शिक्षण समिति द्वारा संचालित महाविद्यालय सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय, सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय एंव सेठ बद्रीलाल शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में गरबा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं निर्णायक अनुभा जैन, निधि जैन, भावना सुराना, वर्षा शुक्ला एंव समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, अखिलेश अग्रवाल एंव डॉ. उमाकांति सिंह द्वारा मां अम्बे



के समक्ष दीप प्रज्वलित एंव अराधना कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति की मुख्य धारा से जोड़ना है। समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी ने कहा कि नवरात्रि के दौरान किया जाने वाला गरबा का उद्देष्य मां दुर्गा की अराधना से है इसे सिर्फ मनोरंजन के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। आयोजन में तीनों महाविद्यालयों के प्राध्यापक एंव तीन सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सेठआर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय के प्राध्यापक प्राची देवांगन को प्रथम एंव द्वितीय स्थान डॉ. दुर्गा शुक्ला को बेस्टडे सलिए दिया गया। पवनदीप कौर को बेस्ट डांस के लिए चुना गया। छात्रों में बेस्ट ड्रेस पायल देशमुख एंव नमन, बेस्ट डांस के लिए सांची और सोनू और विशेष प्रस्तुतिकरण के लिए भावना एंव संतन को विजेता घोषित किया गया।

### सोनकर समाज के बंशीलाल बने अध्यक्ष

दुर्ग। छग सोनकर समाज दुर्ग राज का चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष बंशीलाल सोनकर अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूरज सोनकर, सचिव राजेश सोनकर, कोषाध्यक्ष मनेश सोनकर बनाए गए। चुनाव लोकायुक्त सूरज सोनकर, मन्नूलाल, गोलू, नरेंद्र, गणेश सोनकर ने चुनाव संपन्न कराया।




## मरम्मत के नाम पर फिर मोटी रकम फूंकने की तैयारी

# नीलामी नहीं, व्यापारी काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम प्रशासन को भले ही नजूल विभाग से हरी झंडी मिल गई है, लेकिन अब तक गंज परिसर और जल घर के सैकड़ो दोनों दुकानों की नीलामी नहीं की गई है। जिसके चलते हलकान व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, नीलामी के बचाए निगम प्रशासन द्वारा एक बार फिर मरम्मत करने के बाद कहीं जा रही है जिसके चलते नीलामी प्रक्रिया में विलंब होगा।

■ मामला गंज परिसर व नलघर की दुकानों का

गंजपारा और जलगृह में निगम द्वारा बनाए गए दुकानों को लेकर नजूल विभाग ने हरी झंडी दे दी है। विगत दिनों नजूल की जमीन के पंजीयन में आरोपित किए गए शुल्क का भुगतान निगम प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। अगस्त माह से नजूल विभाग की हरी झंडी मिलने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि अब दुकानों की जल्द नीलामी कर दी जाएगी। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा कई दुकानों की स्थिति जर्जर होने की बात कह कर एक बार फिर मोटी रकम फूकने की तैयारी है। नगरनिगम द्वारा बगैर प्लानिंग के नजूल की जमीन पर करोडों रूपए खर्च कर डेढ सौ से अधिक काम्पलेक्स बना दिए है। लेकिन इसका आबंटन अब तक नही हो पाया है। काम्पलेक्स का उपयोग नही होने के कारण यह जर्जर स्थिति में हैं। करोडों खर्च करने के बाद भी निगम को कौडी का राजस्व नही हो रहा है। इधर निगम के अधिकारी कर्मचारी को जून माह का अब तक वेतन नही मिला है। वेतन जारी करने निगम के पास फूटी कौडी नही हैं। उल्लेखनीय है कि, नगरनिगम द्वारा गंज काम्पलेक्स में 74 और नया बस स्टैंड के पास जलघर में 44 दुकाने बनाई गई है। जिसका उपयोग आज तक नही होने के कारण दुकान जर्जर होने लगी है। अगर इन्ही दुकान का आबंटन हो जाए तो निगम को करोडों रूपए का राजस्व प्राप्त हो सकता है। लेकिन निगम ने बगैर जांच परखे नजूल की जमीन पर काम्पलेक्स बना दिया था। नतीजा अब तक आबंटन नही हो पाई है। निगम के अधिकारियों की माने तो दुकान आबंटन नही हो पाने का सबसे बडा कारण है कि, यह आरक्षण के पेच में फंसा हुआ है।

### आरक्षण हटाने भेजा प्रस्ताव

विगत दिनों मी की बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों जगह के दुकानों की नीलामी के लिए आरक्षण प्रक्रिया को हटाया जाएगा। इस विषय का प्रस्ताव मी की बैठक में तैयार कर राज्य शासन को भेजा जा चुका है, लेकिन अनुमति नहीं मिलने से दुकानों की नीलामी पर संशय की स्थिति निर्मित है। इधर पूर्व की प्रक्रिया के तहत कई व्यापारियों ने दुकान लेने बेस रेट जमा भी कर दिया है, आधिपत्य नहीं दिया जा रहा है।

दूसरा कारण दुकान काफी महंगी है। यहां दुकान की कीमत पन्द्रह से तीस लाख तक है। उपर से हितग्राही को हर माह किराया देना होगा। इन तमाम पेचीदा के चलते लोग दुकान लेने सामने नही आ रहे है। चार से पांच बार निविदा जारी करने के बाद भी आबंटन नही हो पाया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

## लाइव इवेंट

### छत्तीसगढ़ी कलाकारों की सजेगी महफिल, गरबा में थिरकेगा शहर



**दुर्ग।** भक्ति और शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा के नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में दुर्ग शहर में इस बार भव्य गरबा उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में दुर्ग नवनिर्माण समिति द्वारा पदमनामपुर स्टेडियम में 8 व 9 अक्टूबर को गरबा उत्सव का दो दिवसीय ऐतिहासिक गरबा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार काजल श्रीवास, आस्था शर्मा, ज्योत्सना ताम्रकार एवं एंकर के रूप में निकिता चौहान छत्तीसगढ़ फ़ल्मि के बाल कलाकार दर्शन जैन व रोनित रॉय विशेष रूप से शामिल होंगे। पूरे कार्यक्रम में जबलपुर बैण्ड पार्टी की प्रस्तुति आकर्षक रहेगी। इस कार्यक्रम में दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों से हजारों महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।

- पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में 8 और 9 अक्टूबर को आयोजन

बाकलीवाल ने कहा कि गरबा का मुख्य उद्देश्य देवी दुर्गा की आराधना करना है। इस नृत्य के द्वारा देवी की गर्भित ऊर्जा और शक्ति को प्रकट किया जाता है। गरबा के गोलाकार रुप को ब्रम्हाण्ड के निरन्तर चक्र का प्रतीक माना गया है। मां दुर्गा की कृपा और उनका आशीर्वाद पूरे शहरवासियों पर बना रहे इसलिए यह आयोजन किया जा रहा है। गरबा उत्सव में देवी दुर्गा की स्तुति में गाए जाने वाले भक्ति गीतों का समावेश किया गया है। यह नृत्य उन भक्तो की आस्था और भक्ति का प्रतिनिधित्व करता है जो देवी से जीवन में प्रकाश और उर्जा की कामना करते हैं।

## सिटी इवेंट

### सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से मिले सोनल गुप्ता



**भिलाई।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग परिसर में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विकलांगता के साथ रह रहे बच्चों के अधिकारों की रक्षा पर राष्ट्रीयहित धारक परामर्श को लेकर हुआ। यूनिसेफ की सहभागिता से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीपति डीवाई चंद्रचूड़ प्रमुख रूप से मौजूद थे। साथ में सुप्रीम कोर्ट के किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्न, अन्नपूर्णा देवी केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री तथा यूनिसेफ की कंट्री हेड सिंथिया कैफेरि मंचासीन उपस्थित थे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा समाज की उनके प्रति जवाबदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में न्यायाधिपति जस्टिस कोटेश्वर सिंह, हिमानी शरद, न्यायाधिपति हरीश टंडन, आनंद पाठक, रेखा पाली, जस्टिस वीरेन गुजरात, अनिल मलिक सहित अन्य मौजूद थे। छत्तीसगढ़ यूनिसेफ की चेतन देसाई, सोनल कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। सोनल गुप्ता ने कहा कि सीजेआई से मुलाकात मेरे जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है। यह मेरे लिए सबसे अनमोल क्षण हैं। उन्होंने सीजेआई से संक्षिप्त मुलाकात में छत्तीसगढ़ राज्य बाल आयोग द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर प्रयासों से अवगत कराया।

- सुप्रीम कोर्ट के कार्यक्रम में किया प्रतिनिधित्व

## सिटी इवेंट

### संत रामपाल के सत्संग में अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने संदेश

**भिलाई।** नेहरू नगर स्थित अग्रवाल भवन में संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय सत्संग हुआ। ऑनलाइन आयोजन में संत रामपाल महाराज ने अपने प्रवचनों में समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने सच्चे धर्म और भक्ति के महत्व को समझाते हुए कहा कि सत्य मार्ग पर चलकर ही जीवन में शांति और समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। संत ने वेदों और अन्य पवित्र ग्रंथों के उद्धरण देकर लोगों को सही दिशा में चलने की प्रेरणा दी। सत्संग के बाद, भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें चाय और बिस्कुट का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और संत रामपाल जी के उपदेशों से प्रेरित होकर अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने का संकल्प लिया। यह सत्संग लुधियाना और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव साबित हुआ, जिससे उन्हें अपने जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली।

- अग्रवाल भवन नेहरूनगर में एक दिवसीय आयोजन

**हरिभूमि और आईएनएच का आयोजन :** आइए आज आप भी शामिल हो जाइए शहर के सबसे बड़े गरबा उत्सव में

# वीकेंड पर गरबा का जश्न... छत्तीसगढ़ और गुजरात के पारंपरिक गीतों पर देर रात तक झूमते रहे माता के भक्त

रविवार की शाम स्टील क्लब सेक्टर-8 में शुरू हुआ गरबा जश्न देर रात तक चलता रहा। हरिभूमि और आईएनएच के इस आयोजन में दुर्ग, भिलाई सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के माता के भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए। गरबा के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ और गुजरात के पारंपरिक गीतों पर भक्त थिरकते नजर आए। इस दौरान बीच-बीच में हिंदी, गुजराती, छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों का मिलाजुला गीत-संगीत भी आयोजन में उत्साह भरते रहे। हजारों की संख्या में पहुंचे गरबा के प्रेमियों ने कभी गुजराती गीतों पर तो कभी फ़िल्मी गीतों की धुन पर जमकर धमाल मचाया। हर साल की तरह इस बार भी हरिभूमि के इस आयोजन ने ट्विनसिटी के रहवासियों को रोमांच से भर दिया। आयोजन में महिलाएं व पुरुष गुजराती परिधानों में झूमते नजर आए। घेरे बनाकर गीतों पर एक परिवार की तरह महिलाओं ने जमकर डांस किया।

### भक्ति की अभिव्यक्ति









**भिलाई।** सेक्टर-8 स्थित स्टील क्लब में रविवार को दैनिक हरिभूमि और आईएनएच द्वारा डांडिया और गरबा महोत्सव सीजन-9 का आयोजन किया गया।

आयोजन के उद्घाटन समारोह में सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, स्पर्श हॉस्पिटल के डॉ. संजय गोयल, संजय खंडेलवाल, रजनी बघेल, कांग्रेस नेता मुकेश चंद्राकर, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आशा बहन, रश्मि अग्रवाल, रौनक जमाल, सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। प्रतिभागियों ने दो व चार ताल, भवानी गरबा, सनेड़ों से साथ ही टिमली व टिटेडों स्टेप का प्रदर्शन किया। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन का सोमवार 7 अक्टूबर को अंतिम दिन है। 7 अक्टूबर को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतिभागियों को ट्रेडिशनल ड्रेसअप थीम दिया गया, जिस पर निर्णायकों ने बारीकी से नजर रखी। बता दें कि प्रतिभागियों ने सात दिन का ट्रेनिंग सेशन भी लिया है, जिसमें उन्हें डाकला, टिटोडो, भवानी, सेनेड़ो, टिमली आदि गरबा गीतों में प्रशिक्षण दिया गया है।

#### गरबा और डांडिया के इस आयोजन में ये हैं सहयोगी

हरिभूमि और आईएनएच के इस आयोजन में कमला मोटर्स जीई रोड, गंजपारा दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, अनू ब्यूटी स्टूडियो नेहरु नगर, आरोग्यम सुपरस्पेशियेलिटी हॉस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर, श्री सज्या बुटिक आकाशगंगा, लक्ष्मीपति राजू पार्षद सेक्टर 7, अतुल महाजन, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग, समाजसेविका अनामिका रमेश पटेल, अन्नू ब्यूटी क्लीनिक प्रगति नगर रिसाली, कमला मेडिकल सुपेला सहयोगी हैं।





# नवरात्रि में नारी शक्ति का सम्मान



**भिलाई।** शक्ति की उपासना के पर्व शारदीय नवरात्रि में भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा रविवार को नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हीं बालिकाओं से लेकर वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. सविता गुप्ता, विशेष अतिथि महासंघ के सलाहकार घनश्याम देवांगन थे। अध्यक्षता अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। इस अवसर पर महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया। बेटियों एवं नारियों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए प्रेरणास्पद स्लोगन लिखी तख्तियां पकड़ी हुई महिलाएं जागरूकता का संदेश दे रही थीं।

देवांगन ने कहा कि स्त्री को जन्म से लेकर उम्र के हर पड़ाव में सम्मान एवं महत्व मिलना चाहिए, तभी उनका समग्र विकास संभव है। मुख्य अतिथि डॉ. सविता ने कहा कि शक्ति के पर्व नवरात्रि में महिलाओं को सम्मानित करना एक अच्छी परंपरा की शुरुआत है। समारोह में जयती साहू, छाया विश्वकर्मा, अर्चना मूले, ललिता श्रीवास, ईश्वरी साहू, मंदा वासनकर, तृप्ति नंदी ने बेटियों के महत्व को दर्शाती हुई कविताएं पढ़ीं। इस अवसर पर रतनलाल गोयल, जेआर साहू, हुकुमचंद देवांगन, बाबूलाल साहू, गजानंद साहू एवं डॉ. कांतिलाल विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# कुर्मी समाज निकालेगा वैवाहिक पत्रिका, विमोचन की तैयारी शुरू

**भिलाई।** युवा कुर्मी मित्र मंडल भिलाई नगर की बैठक सेक्टर-7 स्थित सामाजिक भवन में हुई। इसमें 23 वें कुर्मि संझा और वैवाहिक पत्रिका मिलन अंक 21 के प्रकाशन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष दिनेश गौतम, संपादक पीलाराम वर्मा, महामंत्री मोरध्वज चंद्राकर, अखिल भारतीय कुर्मी महिला महासभा की अध्यक्ष लताऋषि चंद्राकर, संझा के संयोजक गोपाल कृष्ण वर्मा, कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ईश्वरी वर्मा, महिला प्रमुख रीना देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।



## भोजन,विश्राम के अलावा चिकित्सा सेवा का भी मिल रहा लाभ

### कार्नर न्यूज

**दुर्ग ।** समाजसेवी संस्था अग्रवाल सेवा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के सेवार्थ शिवनाथ नदी रोड स्थित पृथ्वी पैलेस के पास सेवा पंडाल की शुरुआत की गई है। पंडाल में पदयात्रियों को भोजन, नास्ता, पेयजल व विश्राम की सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है, साथ ही पंडाल में चिकित्सा सेवा की भी व्यवस्था की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा पदयात्रियों की स्वास्थ्य की जांच उपरांत उन्हें जरुरत अनुसार दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की जा रही है। अग्रवाल सेवा मंडल के इस सेवाभावी कार्यों की पदयात्रियों ने सराहना की है। सेवा पंडाल संचालन में सिंघानिया परिवार, लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन व मारवाड़ी महिला मंडल सहयोगी संस्था के रूप में सेवा दे रहे है।

# डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के सेवार्थ अग्रवाल सेवा मंडल ने लगाया सेवा पंडाल



#### पिछले 5 वर्षों से अनवरत की जा रही सेवा

अग्रवाल सेवा मंडल के प्रमुख प्रहलाद रुंगटा ने बताया कि डोंगरगढ़ पदयात्रियों के सेवार्थ यह सेवा पंडाल पिछले 5 वर्षों से निरंतर संचालित किया जा रहा है। मानवसेवा से बढ़कर दूसरा कोई और धर्म नहीं है। इस उद्देश्य से यह सेवा पंडाल लगाया गया है। जहां सेवा में सहभागी बनने से आत्मिक खुशी की अनुभूति होती है। पंडाल में किशोरीलाल सिंघानिया, प्रहलाद रुंगटा, हरीश अग्रवाल,संदीप खेमुका, आशीष रुंगटा, अखिल नायर ,सुधीर खंडेलवाल, अरविंद खंडेलवाल, राधेश्याम कीर्तुका, डॉ. मोहन अग्रवाल, मनीष रुंगटा, दीपक बंसल, बंटी जैन, ज्ञानू जैन के अलावा अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्य सेवा देने में जुटे हुए है।



# वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के 16 सरकारी स्कूलों में छात्राओं को सैनेटरी पैड फ्री

## अनोखी पहलः विधायक रिकेश के प्रयासों से जहां लड़कियां पढ़ रहीं, वहां लगेगी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

शारदीय नवरात्रि पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के 16 सरकारी स्कूलों में सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने वेंडिंग मशीन लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसके इंस्टॉलेशन का काम भी शुरू कर दिया है। बता दें कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसकी घोषणा की थी। अब इन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को वेंडिंग मशीन के माध्यम से निशुल्क सैनेटरी पैड उपलब्ध हो सकेगा। रिकेश सेन ने कहा कि बहनों को मासिक धर्म के समय स्वच्छ उत्पादों को सुविधाजनक तरीके से पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से इसे शुरू किया जा रहा है। ताकि महिलाएं सशक्त बनें। कलंक को तोड़ने और लैंगिक समानता को बढ़ावा मिले।

### इंस्टॉलेशन का काम एक एजेंसी को सौंपा, काम शुरू

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि मासिक धर्म से जुड़ी चुनौतियां स्कूलों में युवा लड़कियों के बीच अनुपस्थिति और स्कूल छोड़ने की दर के प्रमुख कारणों में से एक है। यह सुविधा लड़कियों को स्कूल में रहते हुए प्रभावी ढंग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करती है। नेपकिन वेंडिंग मशीन की पहल के लिए रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल से भी चर्चा हुई। उनकी टीम ने मशीनों की जिम्मेदारी लेते हुए 16 मशीनें उपलब्ध करवाई हैं, जिन्हें वैशाली नगर विधानसभा की शासकीय स्कूलों में इंस्टाल किया जा रहा है। मशीन में नेपकिन रिफिलिंग की जवाबदारी रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनाकल ने ली है।



### इजी इंस्टालेशन, हाईजीन और रिफलिंग टेक्निक उपलब्ध

अग्रवाल ने बताया कि सभी 16 सैनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन को आसानी से इंस्टॉल होने वाली है। यह काफी हाईजीन और रिफिलिंग टेक्निक से लैस है। रोटरी क्लब के सचिव अनंत अग्रवाल ने बताया कि इन वेंडिंग मशीनों में हाइजीनिक पैड रखने का सबसे बड़ा बेनिफिट यह है कि इसमें धूल नमी नहीं पकड़ती, जिससे पैड लंबे समय तक सुरक्षित रहता है। सिंपल तरीके से जैसी जरूरत हो, टीचर निकालकर पैड दे सकते हैं। मशीन में लॉक की भी सुविधा है। क्लब का प्रयास होगा कि इस बेहतर पहल और इच्छा के अनुरूप धीरे-धीरे यह मशीनें सभी स्कूल और कॉलेज तक हम पहुंचा सकें।

### सरकार ने की थी पहल, योजना फ्लॉप हो गई

बता दें कि करीब 8 साल पहले सरकारी स्कूलों में सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने योजना बनाई थी। इसके अंतर्गत जिले के 50 से ज्यादा स्कूलों में वेंडिंग मशीनें लगाई गईं। कार्य के लिए एजेंसी तय की गईं, छात्राओं को जागरूक करने के लिए बैनर-पोस्टर लगाए गए। मेंटेनेंस में के अभाव में यह योजना दम तोड़ गई। आज भी कई स्कूलों में वेंडिंग मशीनों के अवशेष पड़े हुए हैं। शासन स्तर पर दोबारा इस योजना को लेकर ध्यान ही नहीं दिया गया।

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार बनाने का झांसा देकर 29 लाख की ठगी

**भिलाई।** नायब तहसीलदार के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति पत्नी के खिलाफ धारा 420, 120 बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम मोहलाई दुर्ग निवासी किसान नोखेलाल सिन्हा ने शिकायत किया है कि ग्राम मोहंदी निवासी रेखराज खेलवार और उसकी पत्नि भारती खेलवार ने सीजी पीएससी के माध्यम से नायब तहसीलदार के पद पर सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 29 लाख 50 हजार रुपए का ठगी किया है। घटना वर्ष 2014-15 के मध्य रेखराज खेलवार से जान पहचान हुई थी। रेखराज खेलवार अपनी पत्नी भारती खेलवार के साथ पीड़ित के घर आना जाना करते थे। दोनों पति पत्नी ने सीजीपीएससी से नायब तहसीलदार के पद पर नौकरी लगवा देने का झांसा दिया। इसमें 30 से 35 लाख रूपये का डिमांड किया गया।

### डॉक्टर ने किया गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** कपड़ा सुखाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस धारा 296,351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि विशाखा उमरे नामक महिला ने शिकायत किया है कि बालकनी में सुखे कपडे को देखने के लिये गई थी। इस दौरान बगल में डॉ एस सिकदार के घर में पोताई का काम चल रहा है। लेबर के द्वारा पोताई कराया जा रहा था। जिसे लेकर डॉ को बुलाकर महिला ने लेबर द्वारा सुखे कपड़े को गंदा कर देने की बात उसे बताई। जिसे लेकर डॉ एस सिकदार ने क्यो कपड़ें सुखाये हो कहकर महिला से गाली गलौज करने लगा। कुछ देर बाद डॉ सिकदार छोटा सब्जी काटने का चाकू लेकर आया और जान से मारने की धमकी देने लगा।

### होटल प्रोजेक्ट के नाम पर 60 लाख की ठगी

**भिलाई।** महिला डॉक्टर को होटल प्रोजेक्ट का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रिम्स अस्पताल गोढी थाना मंदिर हसौद रायपुर के एचओडी डॉ वीनिता गुप्ता वर्ष 2014 से मई 2023 तक नेहरू नगर कुबैर इन्क्लेव में निवास करती थी। श्री शंकरा मेडिकल कलेज जुनवानी भिलाई मे कार्यरत थी। तब सिद्धार्थ गौडा ने होटल प्रोजेक्ट का प्रलोभन देकर तीन किस्तों में डॉ से 60 लाख रूपये का ठगी किया है। सिद्धार्थ से ड़ॉ की पहचान वर्ष 2023 में अनमोल होरा के माध्यम से हुई थी। आरोपी सिद्धार्थ बातचीत कर हैदराबाद के एक होटल प्रोजेक्ट की जानकारी दी थी। जहां रुपए इन्वेस्ट कर अच्छी इनकम का झांसा दिया था। 10 मई 2024 को हैदराबाद सिद्धार्थ से मिलने पीड़िता गई थी। देखने पर सब फर्जी वाडा दिखने पर रुपए वापस की मांग डॉ ने किया लेकिन सिद्धार्थ रुपए वापसी के लिए लगातार घुमाता रहा। परेशान महिला डॉ ने पुलिस में शिकायत किया है।

### एफएसएनएल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविघालय के तत्वावधान में निगमन कार्यालय, भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम पतोरा की सरपंच अजू साहू के मुख्य आतिथ्य और महाप्रबंधक पंकज त्यागी ने अध्यक्षता की ।

## मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह पर दी मोहक प्रस्तुति

# बेजुबां जानवरों और परिंदों के संरक्षण के लिए सामने आए स्कूली बच्चे

### बीएसपी उद्यानिकी विभाग की पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले पुरस्कार







हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

प्राकृतिक छटा से लबरेज मैत्रीबाग में आज एक अलग ही नजारा था। उत्साह और उल्लास के खुशनुमा माहौल में नौनिहालों ने अपने नयानभिराम गीत संगीत और प्रतिभा से ऐसा समां बांधा कि सभी मुग्ध हो गये। और जब बेजुबां पशु पक्षियों के प्रति उनका प्रेम छलका व उनके टैलेंट की हौसलाआफजाई हुई तो सभी भावविभोर हो गए। भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा पिछले हफ्तेभर से चल रहा वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह रविवार को समाप्त हो गया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह मैत्री बाग के मोमबत्ती लॉन में आयोजित किया गया। बीएसपी व नान बीएसपी स्कूली बच्चों के लिए आयोजित पेंटिंग, भाषण और निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्य पालक निदेशक पवन कुमार थे। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने अध्यक्षता की। वन मंडलाधिकारी दुर्ग चंद्रशेखर शंकरसिंह परदेशी विशेष आतिथि थे।

कार्यक्रम के आरंभ में स्कूली बच्चों द स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने बच्चों के द्वारा बनाई गई ड्राइंग का अवलोकन किया। महा प्रबंधक विष्णु पाठक ने विभाग की ओर से वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत में उद्यान विभाग द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी । मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि प्रकृति ने वन्यप्राणियों के रूप में हमें अनमोल धरोहर दी है। इनका संरक्षण करना न केवल विभागीय बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। इस बात का स्मरण हमें वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह जैसे आयोजर्नी से होता है, क्योंकि ऐसे आयोजन वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता पैदा करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। श्री दत्ता ने कहा कि वन्य प्राणी संरक्षण कार्यकम न केवल ज्ञानवर्धक होते है बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी जागरूक करने में सहायक और कारगर सिद्ध होते है, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की सहभागिता इस बात का साक्षात प्रमाण है, संयंत्र प्रबंधन वन्य प्राणियों व पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह से सजग है। विशेष अतिथि की श्री परदेशी ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सार्थकता जन भागीदारी व जागरुकता से ही सुनिश्चित की जा सकती है, जिसे बच्चों ने आज प्रमाणित किया है। महाप्रबंधक व मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने कहा कि प्रबंधन के सहयोग से प्रतिभाशाली स्कूली बच्चों ने वन्य प्राणी संरक्षण के लिए प्रभावी रचनात्मक संदेश दिया।

### मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया भावविभोर

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी को भावविभोर किया। रंगबिरंगे परिधानों में सजे छात्र, छात्राओं ने एकल व समूह मोहक नृत्य व गीतों को प्रस्तुति दी। वन्य प्राणियों का रुप धरे बच्चों के संदेशपरक नृत्य की सभी ने सराहना की। भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी बच्चों ने वन्य प्राणियों के संरक्षण को लेकर भाषण की प्रस्तुति दी। इसके बाद चित्रकला व भाषण आदि प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक एजीएम यशवंत साहू, उमा शंकर राव, सरोज झा, नितिन कनिकदले थे । इस अवसर पर चिड़ियाघर के कर्मचारियों को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मैत्रीबाग प्रभारी डां, एनके जैन व संचालन सुप्रियो सेन ने किया । कार्यक्रम में मृदुल गुप्ता, गफ्फार खान, राजेश शर्मा, आरिफ खान, ललित कुमार, एके सिन्हा, संदीप नायडू, योगेश कुमार चंद्राकर, चन्द्रकिरण, शंकरलाल अग्रवाल, नरसैया, खीरु प्रसाद, हरिंदर, चंद्रमणि चंद्राकर, मदनगोपाल सिंह, प्रेमचंद सहित अन्य अधिका आदि कर्मियों का योगदान रहा । कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मैत्रीबाग प्रभारी व जीएम डां. एनके जैन व संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

### यह रहे विजेता प्रतिभागी

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत बीएसपी व नान बीएसपी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग पेटिंग व भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें करीबन पांच सौ बच्चों ने भाग लिया। प्रायमरी, मिडिल व हायर सेकंडरी स्कूल वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए गए। बीएसपी प्रायमरी स्कूल ड्राइंग स्पर्धा वर्ग में ईएमएमएस सेक्टर 6 की अदिति को प्रथम, ईएमएमएस से. 9 की आराध्या द्वितीय व इसी स्कूल की पी जाय प्रीतिका को तृतीय पुरस्कार मिला। जबकि मिडिल स्कूल वर्ग में ईएमएमएस से. 9 की आराध्या वर्मा प्रथम,ईएमएमएस 6 की एस दिव्यांशी दूसरे व ईएएमएमएस 6 के हितेश तीसरे स्थान पर रहे। वहीं नान बीएसपी स्कूल प्रायमरी वर्ग में शंकरा विद्यालय से. 10 के टी अक्षरा को प्रथम, इसी स्कलू की हिमशिखा द्वितीय और सेजस बालाजीनगर खुर्सीपार की तारिणी को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं मिडिल स्कूल वर्ग में स्वामी आत्मानंद स्कूल खुर्सीपार के देव प्रथम, शंकरा विद्यालय के टी अनिश द्वितीय और शारदा विद्यालय रिसाली की अंकिता को तृतीय पुरस्कार मिला। हायर सेकंडरी स्कूल वर्ग में एमजीएम स्कूल से. 6 की शिवानी प्रथम, सारदा पब्लिक स्कूल से. 10 की जान्हवी दूसरे व एमजीएम स्कूल की हरप्रीत कौर तृतीय रहीं। इसके अलाव भाषण प्रतियोगिता नान बीएसपी स्कूल प्रायमरी वर्ग में सेजस स्कूल की गौरी व एमजीएम की वीथिका प्रथम,एमजीएम के प्रियांक द्वितीय और मैत्री विद्या निकेतन के वसुदेव को तृतीय स्थान मिला।मिडिल स्कूल वर्ग में मैत्री विद्या निकेतन की निशिका प्रथम, इसी स्कूल के हर्ष द्वितीय व एमजीएम के अनितेज तृतीय रहे। हायर सेकंडरी एमजीएम के प्रज्ञा प्रथम,मैत्री विद्या के तुषार द्वितीय तथा इसी स्कूल के सुभना को प्रथम पुरस्कार हासिल हुआ।

## ट्रेंडिंग साइबर क्राइम को लेकर जागरुकता अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

साइबर जन जागरुकता पखवाडा के तहत तैयारियों के साथ रविवार को पुलिस कंट्रोल रुम में पखवाड़े की शुभारंभ की गई। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि सभागार कक्ष में दुर्ग -भिलाई के सभी पत्रकार बंधुओ को साइबर पखवाड़े को लेकर जानकारी देकर ट्रेंडिंग साइबर क्राइम के बारे में अवगत कराया गया। उन्होने कहा कि यह जागरूकता अभियान सभी पत्रकारों के लिए है। इसमें आप सभी स्वयं जागरूक रहे एवं स्वयं जागरूक रहकर आम जनमानस को भी जागरूक करें। पत्रकारों को साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा के बारे में आनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फाड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव के लिए महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की।

### कुछ घंटों में वीडियो दस हजार तक पहुंचा

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, उप निरीक्षक

### स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, 14 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक "स्वच्छता ही सेवा-2024" स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इसी कड़ी में विगत दिनों रिफेक्ट्री मटेरियल प्लांट-2 विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी (आरएमपी-2 एवं 3) रतन कुमार मुखर्जी ने स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियो एवं ठेका श्रमिकों को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई।

## बदहाली के दौर से गुजर रहे एमएसएमई उद्योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र के एमएसएमई उद्योगों को बदहाली का सामना करना पड़ रहा है। एमएसएमई उद्योग संघ ने बीएसपी प्रबंधन से कॉन्ट्रैक्ट सेल में भी कैपेसिटी के आधार पर एमएसएमई उद्योगों को काम दिए जाने की मांग की है। द माह पूर्व बीएसपी डायरेक्टर इंचार्ज के साथ हुई बैठक में रखी गई मांगों पर अब तक सुनवाई नहीं हुआ है।

एमएसएमई जिला उद्योग संघ, दुर्ग के अध्यक्ष केके झा के नेतृत्व में 13 जुलाई को बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता के साथ बैठक हुई थी। बैठक में एके चक्रवर्ती, ईडी (एमएम) के साथ उच्च अधिकारी उपस्थित थे। एमएसएमई जिला उद्योग संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने एमएसएमई को बिना संज्ञान में लिए एलडी 5% से बढ़कर 10% कर दिया, जिसके चलते उद्योगों को काफी नुकसान हो रहा है। बैठक में यह मांग रखी गई थी कि इसे पुनः वापस 5% किया जाए। डायरेक्टर इंचार्ज ने इसे कम करने का आश्वासन भी दिया था लेकिन अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। कोरोना काल से लेकर वर्ष 2022 तक के पेंडिंग ऑर्डर को रिव्यूह कर समाप्त करने की मांग भी अधूरी है। सीपीडी डिपार्टमेंट के संबंध में की गई शिकायतों का बीएसपी प्रबंधन ने जरूर निराकरण किया है। जो अनियमितताएं बताई गई थी उन्हें सुधारा गया है। सीपीडी में पास बनाने को लेकर जो दिक्कतें आ रही थीं वह भी दूर हो गई हैं।बिना निरीक्षण के जिन उद्योगों को मान्यता दी गई थी उन पर रोक लगा दी गई है।



■ बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के साथ हुई बैठक में रखी गई मांगों पर कोई सुनवाई नहीं : खुराना

### ईडी के साथ फिर हो बैठक

श्री खुराना ने बताया कि एमएसएमई उद्योगों को अभी तक तीन विभागों जैम, मेटल जंक्शन और बीएसपी के परचेज डिपार्टमेंट से काम मिलता है। मांग है कि एमएसएमई उद्योगों की तीनों डिपार्टमेंट में 70% भागीदारी होनी चाहिए। साथ ही बीएसपी के कांट्रेक्ट सेल में भी कैपेसिटी के आधार पर एमएसएमई उद्योगों को वरियता के आधार पर काम दिया जाए। संघ के अध्यक्ष श्री झा को उन्होंने पूरी जानकारी दी है। मांग की है कि बीएसपी के ईडी एमएम श्री चक्रवर्ती के साथ पुनः बैठक आयोजित की जाए ताकि एमएसएमई उद्योगों की समस्याएं फिर से एक बार उनके सामने रखी जा सकें।

## नवरात्रि पर पदयात्रियों की सेवा में जुटी टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

नवरात्रि के पावन अवसर पर एमआर ले आउट संचालक मनोज राजपूत ने नवरात्रि भक्त सेवा शिविर की स्थापना की है। शिविर उन श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता केंद्र बन गया जो नंगे पांव माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन के लिए निकल रहे हैं। भिलाई, रायपुर, बेमेतरा, सिमगा और महासमुंद से हजारों श्रद्धालु सेवा का लाभ उठा रहे हैं। मनोज राजपूत ने बताया कि उनके 30 कर्मचारियों की टीम प्रतिदिन 1500 से अधिक श्रद्धालुओं को सेवा दे रहें है। जिसमें मोबाइल चार्जिंग पॉइंट आराम के लिए कूलर और नाश्ता, भोजन सेवा ,चाय, पानी, फर्स्ट एड जैसे सुविधा दिया जा रहा है। जिसमें एंबुलेंस सेवा और महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था हैं। शिविर में 150-200 श्रद्धालुओं के लिए सोने की व्यवस्था भी की गई है। आध्यात्मिक माहौल माँ बमलेश्वरी देवी के भजन और मंत्रों से भक्तों को भक्ति का अनुभव कराता है। मनोज राजपूत ने कहा कि मुझे मां बमलेश्वरी देवी के नाम पर श्रद्धालुओं की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह शिविर मंदिर के रास्ते में एक महत्वपूर्ण विश्राम स्थल बन गया है।

चेहरे की चर्बी घटायें



चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

### राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी स्वच्छता दीदियों ने की घरों में भेंट

# स्कूलों व श्रमिक बस्तियों में चला फाइट द बाइट अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई





फाइट द बाइट मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जोन -1 वार्ड -8 न्यू कृष्णा नगर के शासकीय स्कूल एवं आसपास के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में राष्ट्रीय आजीविका मिशन से संबद्ध 15 स्वच्छता दीदियों द्वारा सामूहिक रूप से लगभग 364 घरों में घर घर गृह भेंट कर सर्वेलेंस सर्वेक्षण किया गया।

गृह भेंट कर सर्वेक्षण के दौरान 205 कूलर ,18 पानी टंकी,148 कंटेनर, एवं 19 टायर में स्थित पुराने संग्रहित/जमाव पानी को खाली कराया गया।कृष्णा नगर में ही स्थित शासकीय प्राथमिक एवं हाई स्कूल के सभी कमरों में मच्छर नियंत्रण हेतु निगम के 15 पंप ऑपरेटर के द्वारा मैलाथियान का छिड़काव कार्य संपादित किया गया। स्कूल प्रांगण एवं बस्ती में नालियों के जमाव पानी में जला आइल का छिड़काव कार्य किया गया। सभी सर्वेक्षित घरों स्वच्छता दीदियों द्वारा जन समुदाय में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से गीला -सूखा कचरा अलग अलग स्वच्छता मित्रों को देने,जल जनित मौसमी बीमारियों उल्टी -दस्त, टाइफाइड, डायरिया, पीलिया से बचाव के लिए पानी उबालकर ठंडा कर सेवन करने एवं बासी-खुले रूप से बाजार में बीकने वाले भोज्य पदार्थ का सेवन नहीं करने की समझाइश दी गई।

### डेंगू के संबंध में दी जानकारी

घर घर गृह भेंट कर सर्वेलेंस सर्वेक्षण के दौरान आम नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि मच्छर का जीवन काल 14 दिनों का होता है। सात दिन पानी में और सात दिन पानी से बाहर अर्थात डेंगू के मच्छर लार्वा घरों के कूलर एवं संग्रहित कर खुले रूप से रखे गए पानी के स्रोतों जैसेः-टंकी,ड्रम, कंटेनर के भीतरी सतह में चिपके हुए रहते हैं जो कि अनुकूल परिस्थित में आते ही लार्वा के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। इसके बाद यही लार्वा प्यूपा से मच्छर के रूप में विकसित होकर मानव शरीर को डंक मारकर हानि पहुंचाते हैं। डेंगू बीमारी का कारण बनते हैं। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त ने सभी से अपील की है कि अपने व अपने परिवार स्वास्थ्य के लिए सहयोग करें। निगम भिलाई के कर्मचारी आपके घर-घर जा रहे हैं जो जानकारियां दे रहे हैं उसका पालन करें। निगम प्रशासन उद्देश्य है सब स्वस्थ रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com





रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411